(c) The Kendriya Vidyalayas Sangathan has requested the Delhi Development Authority, for allotment of suitable plots for opening of more Kendriya Vidyalayas in Delhi.

खेल-कूद विद्यालयों की स्थापना किया जाना

4939. **श्री अजीत जोगी :**

श्री एस.एस. सुरजेवाला :

क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) प्रतिभाशाली बालक-बालिकाओं को प्रोत्साहित करने और उनकी खेल-कूद प्रतिभा को विकसित करने के लिए स्थापित किए गए खेल-कूद विद्यालयों का ब्यौरा क्या है;

(ख) इस संबंध में अब तक क्या परिणाम निकले हैं;

(ग) पिछले दो वर्षों के दौरान इन विद्यालयों से कितने छात्रों को खेल-कूद की उच्च शिक्षा और खेल-कूद के प्रशिक्षण के लिए चुना गया है; और

(घ) भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन को सुधारने और आगामी ओलम्पिक खेलों में स्वर्ण और अन्य पदकों को जीतना सुनिश्चित करने के लिए इस समय क्या कदम उठाए जा रहे हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (युवा कार्यक्रम और खेल विभाग) में राज्य मंत्री (श्री मुकुल वासनिक) : (क) भारतीय खेल प्राधिकरण ने अपनी राष्ट्रीय खेल प्रतिभा प्रतियोगिता योजना के अंतर्गत 59 स्कूलों को अपनाया हैं। ऐसे अपनाए गए स्कूलों के ब्योरे विवरण में दिए गए हैं। (नीचे देखिए)

(ख) टीम खेलों के अंतर्गत जैसे हॉकी और फुटबाल राष्ट्रीय खेल प्रतिभा प्रतिस्पर्धा योजना के बच्चे जवाहरलाल नेहरू जूनियर हाकी टूर्नामेंट और फुटबाल के लिए सुब्रोतो कप जैसे विख्यात टूर्नामेंटों में छाए रहे ।

टेबल टेनिस, जिम्नास्टिक, एथलेटिक, तैराकी जैसे खेलों मे बड़ी संख्या में इन खेल स्कूलों से प्रशिक्षित बच्चों ने जूनियर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीर्तिमान स्थापित किए है। पिछले 4–5 वर्षों के दौरान बच्चों ने उप जूनियर तथा जूनियर स्तर पर सैकड़ों पदक जीते। विभिन्न राष्ट्रीय चैम्पियनशिपों तथा विभिन्न जूनियर अंतरराष्ट्रीय चेम्पियनशिपो में चालीस से अधिक पदक जीते है । इन विद्यालयों मे बड़ी संख्या मे पहलवानो ने भी विश्व कैडेट क्लास चैम्पियनशिप में पदक जीते ।

(ग) राष्ट्रीय खेल प्रतिभा प्रतियोगिता योजना केवल विद्यालय स्तर तक ही प्रचलित है । फिर भी, कुछ प्रशिक्षार्थी भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा चलाए जा रहे खेल छात्रावास में प्रवेश लेकर अथवा राष्ट्रीय टीम का सदस्य बनकर लाभ उठाते है ।

(घ) आगामी ओलम्पिक खेलो में प्रदर्शन सुधारने के लिए खेल विधाओं के चयन तथा हमारी टीमो व खिलाड़ियों के योग्यता स्तरो को अंतिम रूप देने के लिए एक समिति का गठन किया गया है । राष्ट्रीय खेल परिसंघों को विकास योजनाओं को तैयार करने के लिए कहा गया है जिनको भारत सरकार वित्तीय सहायता दे रही है । कोचिंग स्तर को बढाने, अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन उपलब्ध कराने तथा संभाव्य को प्रशिक्षण देने और वैज्ञानिक सहायता देने पर जोर दिया जा रहा है।

विवरण

राष्ट्रीय खेल प्रतिभा प्रतियोगिता योजना के अन्तर्गत अपनाए गए स्कूल

क्र.संख्या	राज्य का नाम	स्कूलों की संख्या	स्थितियां
1	2	3	4
1	आंध्र प्रदेश	3	1. सिकंदराबाद 2. विजयवाड़ा 3. वीनूकोंडा
2	अरूणाचल प्रदेश	1	इटानगर
3	असम	3	1. ग्वालपाड़ा 2. गोलाघाट 3. गुवाहाटी
4	बिहार	2	1. रांची 2. गुमला
5	दिल्ली	3	नई दिल्ली
6	गोआ	1	गोआ
7	गुजरात	2	1. बल्लभ विद्यानगर 2. राजकोट
8	हरियाणा	2	1. राई 2. सोनीपत
9	हिमाचल प्रदेश	1	माजरा
10	जम्मू व कश्मीर	1	श्रीनगर
11	कर्नाटक	3	1. बंगलौर 2. चिकमंगलूर 3. मैसूर
12	केरल	2	त्रिवेन्द्रम
13	मध्य प्रदेश	3	1. इंदौर 2. जबलपुर 3. भोपाल
14	महाराष्ट्र	4	1. नासिक 2. पुणे 3. पंचगनी 4. प्रावरनगर

1	2	3	4
15	मणिपुर	1	इंफाल
16	मेघालय	1	शिलांग
17	नागालैंड	1	विस्वामा
18	उड़ीसा	3	1. सुन्दरगढ़ 2. सुन्दरगढ़ 3. भुवनेश्वर
19	पंजाब	4	1. होशियारपुर 2. अमृतसर 3. जालंधर 4. पटियाला
20	राजस्थान	3	1. वनस्थली 2. उदयपुर 3. गंगानगर
21	सिक्किम	1	गंगतोक
22	तमिलनाडु	3	1. चेतपुर 2. सेलम 3. कुड्डालौर
23	त्रिपुरा	1	अगरतला
24	उत्तर प्रदेश	3	1. वाराणसी 2. लखनऊ 3. देहरादून
25	पश्चिम बंगाल	5	1. कलकत्ता 2. कृष्णनगर 3. कुर्सेआंग 4. कुर्सेआंग 5. ताल्दी
26	चंडीगढ़	1	चंडीगढ़